Titupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 25 March 2018
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-9 Issue - 42

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

News of the Week सीबीएसई पेपर लीक मामले में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 12वीं के अर्थशास्त्र की परीक्षा 25 अप्रैल को दोबारा कराने का फैसला किया है। इससे करीब पांच लाख छात्रों को फिर से तैयारी में जुटना होगा।

Inside Ghaziabad

पेज नंबर 2
जन सेवा केंद्र संचालकों ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

पेज नंबर 5
Illegal liquor in SUV with BJP flag, 8 booked

TIRUPATIEYE

सरकारी कार्यालय अवकाश में भी खुलेंगे

गाजियाबाद : सरकारी कार्यालयों को आज से तीन दिन के अवकाश में खोला जाएगा। इसके लिए शासन से सभी कार्यालयों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वार्षिक लेखाजोखा के लिए कार्यालय खोले जाएंगे और राजस्व संबंधी कार्य को पूरा किया जाएगा। पब्लिक संबंधी कार्य कार्यालयों में नहीं किए जाएंगे। टैक्स संबंधी कार्यों को अधिकारी निपटाएंगे।

यूपी–14 डीपी की नई सीरीज अपलोड

गाजियाबाद : संभागीय परिवहन विभाग ने गाजियाबाद में वाहनों के पंजीयन के लिए नई सीरीज यूपी–14 डीपी के वीआइपी नंबरों को बुकिंग के लिए एनआइसी की साइट पर अपलोड कर दिया है। एआरटीओ प्रशासन विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि वीआइपी नंबरों की बुकिंग के लिए 30 मार्च सुबह दस बजे से लोग ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

वर्दी में न आने वाले कर्मी का कटेगा वेतन

गाजियाबाद : जीडीए में वर्दी में न आने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अपनी यह आदत छोडनी होगी। सचिव संतोष कुमार राय ने नोटिस जारी कर कहा है कि बहुत से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्दी पहन कर नहीं आ रहे हैं। जबकि, उन्हें वर्दी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा है कि अब जो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्दी पहन कर नहीं आएगा। वर्दी के एवज में किए गए भुगतान की राशि कर्मचारी के वेतन से काट ली जाएगी।

एलिवेटेड रोड जनता को समर्पित

यह देश की सबसे लंबी छह लेन सिंगल पिलर पर बनी एलिवेटेड रोड है, भारी वाहन प्रतिबंधित

गाजियाबाद : यूपी गेट से राजनगर एक्सटेंशन तक देश की सबसे लंबी छह लेन सिंगल पिलर पर बनी एलिवेटेड रोड शुक्रवार को जनता के लिए खोल दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फीता काट कर रोड का उद्घाटन किया। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने एलिवेटेड रोड का निर्माण कराया है। 10.30 किलोमीटर लंबी रोड 227 सिंगल पिलर पर बनी है। नवंबर 2014 में इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इससे बनने में तीन साल चार महीने का वक्त और 1147.60 करोड़ रुपये की लागत आई है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का दावा है कि सिंगल पिलर पर यूपी गेट से राजनगर एक्सटेंशन तक बनी छह लेन की एलिवेटेड रोड देश में सबसे लंबी है। अधिकारियों ने बताया कि कानपुर में चकेरी से भौंती बनी 23 किलोमीटर की एलिवेटेड रोड दो पिलर पर बनी है। इसके अलावा हैदराबाद की पीवीएनआर एलिवेटेड रोड भले

11.6 किलोमीटर लंबी है, लेकिन वह केवल चार लेन है। छह लेन की सिंगल पिलर पर इससे बड़ी एलिवेटेड रोड देश में नहीं है। इस रोड पर वाहन हवा से बात करेंगे। ऐसे में यू–टर्न नहीं दिया गया है। यू–टर्न से हादसे की आशंका बढ़ जाती है। यूपी गेट से एक बार रोड पर चढ़े तो उतरने का रास्ता नहीं है। फिर राजनगर एक्सटेंशन तक जाना ही होगा। राजनगर एक्सटेंशन से चढने वाले जरूरी कनावनी पुलिया के पास बने डाउन रैंप से उतर सकते हैं। यह जरूर है कि तीन जगहों पर डिवाइडर स्लैब बनाए गए हैं। एक वसुंधरा से पहले और दो वसुंधरा के बाद। वीवीआइपी के आगमन और जरूरत पडने पर डिवाइडर स्लैब को हटाकर यू–टर्न बनाया जा सकता है। हिंडन नदी को गंदगी से बचाने के लिए जाल लगाए गए हैं। जीटी रोड के पास एलिवेटेड रोड मेट्रो कॉरिडोर के ऊपर से जा रही है। वहां भी जाल लगाया गया है। पूरे रोड पर थीम पेंटिंग और डिवाइडर पर पौधे लगे इसे खूबसूरत बना रहे हैं। एलिवेटेड रोड पर वाहनों की गति सीमा तय है। कार की अधिकतम गति सीमा 80 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। दुपहिया वाहनों की गति सीमा 60 किलोमीटर प्रति घंटा तय है। भारी वाहनों को रोकने के लिए रोड के दोनों तरफ शुरूआती छोर पर लो हाइट बैरियर लगाए गए हैं। यही नहीं इस रोड पर धुआं छोड़ते वाहनों को चलाना प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे वाहनों को रोकने की जिम्मेदारी पुलिस को दी गई है। प्राधिकरण के सर्वे के अनुसार एलिवेटेड रोड पर व्यस्त समय में 5800 वाहन दौडने का आकलन है।

24 घंटे रहेगी फर्स्ट ऐड सुविधा

एलिवेटेड रोड पर स्टेट लेवल एनवायरमेंट इंपैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (एसईआइएए) की सिफारिश पर कई सुरक्षात्मक इंतजाम किए गए हैं। रोड पर 24 घंटे फर्स्ट ऐड की सुविधा रहेगी। पैरामेडिकल स्टाफ के साथ लाइफ सपोर्ट सिस्टम युक्त एंबुलेंस हर वक्त रोड पर रहेगी। पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। 20 सुरक्षा गार्ड तैनात किए हुए हैं।

जनपद के 350 परिषदीय विद्यालय बने आदर्श, मिलेगी प्राइवेट की तरह सुविधाएं

गाजियाबाद : जिले के परिषदीय विद्यालयों में से 350 विद्यालयों को बेसिक शिक्षा विभाग और प्राइवेट संस्थाओं के माध्यम से आदर्श विद्यालयों में परिवर्तित किया गया है। इनका शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया। इन स्कूलों में 20 करोड़ की लागत से आधुनिक फर्नीचर, फर्श की मरम्मत, शौचालय की व्यवस्था, ब्लैक बोर्ड आदि की सुविधाएं उपलब्ध होगी। जनपद में परिषदीय विद्यालयों को आदर्श विद्यालय बनाने का कार्य छह महीने पहले शुरू हुआ था। इसमें जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग ने मिलकर काम किया है। सरकारी स्कूलों की व्यवस्था का प्रारूप प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर किया जा रहा है। इसमें बच्चों के लिए ई लर्निंग और प्रयोगशालाओं का निर्माण भी कराया गया है। 350 विद्यालयों मे से अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों के हैं, जिनमें ग्राम पंचायत की मदद से स्कूल में काम हो पाया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार का कहना है कि आदर्श विद्यालयों का निर्माण विभिन्न चरणों में पूरा हुआ है। प्रथम चरण में 120, द्वितीय चरण में 60 और तृतीय चरण में 70 स्कूल आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किए गए।

Probe ordered into 2015 GDA building bylaws

GHAZIABAD: The GDA has ordered an inquiry into how residential areas were selected by it in 2015 to implement building bylaws that allowed stilt parking and four floors. TBC had on February 28 reported that the GDA hadn't specified the basis of its selection of the areas despite several appeals by residents of the colonies that were left out. "An inquiry into the matter has been ordered through a three-member panel of the secretary, the chief town planner and the finance controller of Ghaziabad Development Authority. The panel has been directed to

submit its report in two weeks. A letter in this regard was issued three days ago. The next course of action will be taken on the basis of the panel's report," GDA vice-chairperson Ritu Maheshwari said on Tuesday. In 2015, the GDA had allowed the construction of buildings with stilt parking plus four floors in 13 areas, on the basis of amended building bylaws issued exclusively for Ghaziabad by the UP housing department.

जन सेवा केंद्र संचालकों ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

गाजियाबाद : जन सेवा केंद्र संचालकों ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जन सेवा केंद्रों पर विभिन्न सेवाओं के लिए सरकार द्वारा निर्धारित 20 रुपये में से वयम टेक्नोलॉजी द्वारा काटे जाने वाले 17.50 रुपये बंद कराने की मांग की गई है। कर्मियों का कहना है कि केवल ढाई रुपये के कमीशन में इंटरनेट, आवेदन फार्म, प्रमाण पत्र फार्म, दुकान किराया, विद्युत बिल सहित अन्य खर्चे भी पूरे नहीं होते हैं। प्रदर्शन कर रहे संचालकों ने कार्य बंद करने का निर्णय भी लिया है।

कहां बनाएं भूमिगत जलाशय, तलाश जारी

गाजियाबाद : विजयनगर के भीमाबाई पार्क में भूमिगत जलाशय के निर्माण को लेकर विरोध जारी है। लोग नगर निगम को काम नहीं करने दे रहे। अब निगम दूसरी जगह तलाशने को मजबूर हो गया है। आसपास जमीन तलाशी जा रही है। कुछ दिन पहले अमृत योजना के तहत 37 करोड़ रुपये से वार्ड–18 अंबेडकर नगर, वार्ड–12 सर्वोदय नगर, माता कालोनी, वार्ड –45 सेक्टर–11 प्रताप विहार, वार्ड–66 प्रताप विहार और वार्ड–2 पुराना विजयनगर में पानी मुहैया कराने की योजनाओं का शिलान्यास किया गया था। इससे क्षेत्र की 1.6 लाख की आबादी को फायदा होगा।

हत्यारों की गिरफ्तारी न होने पर थाने पर किया अनशन

गाजियाबाद : मोदीनगर में दसवीं कक्षा की छात्रा की हत्या की घटना के पर्दाफाश की मांग को लेकर बुधवार को छात्रा के पिता थाना परिसर में फिर आमरण अनशन पर बैठ गए। पुलिस अधिकारी पीडित की मान मनव्वल में जुटे थे। बता दें कि कृष्णानगर स्थित मंदिर के पुजारी की दसवीं कक्षा में पढने वाली बेटी 26 दिसंबर को लापता हो गई थी। घटना के दो सप्ताह बाद उसका शव मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र में खेत में पड़ा मिला था। आरोपितों ने छात्रा की हत्या कर शव को वहां फेंक दिया था। परिजन पुलिस से तभी से घटना के पर्दाफाश की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन तीन माह बाद भी पुलिस घटना के पर्दाफाश में नाकाम है। बुधवार को छात्रा के पिता फिर थाने पहुंचे और आमरण अनशन पर बैठ गए। उनका कहना था कि पुलिस अधिकारी उन्हें रोजाना घटना के पर्दाफाश का झूठा आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन आज तक इसमें कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना था कि जब तक उनकी बेटी के हत्यारों को जेल नहीं भेजा जाएगा, वे थाना परिसर में आमरण अनशन पर बैठे रहेंगे। पुलिस अधिकारी पुजारी को समझाकर आमरण अनशन से उठने के लिए कह रहे थे, लेकिन इसका कोई भी असर पुजारी पर नहीं हुआ।

बैंक लोन घोटाले में प्रशांत की हुई गवाही

गाजियाबाद : नोएडा स्थित इलाहाबाद बैंक में हुए लोन घोटाले में बुधवार को सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पवन कुमार तिवारी की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान प्रशांत कुमार दास ने अदालत में पेश होकर गवाही दी। मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 17 अप्रैल की नियत की गई है। सीबीआइ के वरिष्ठ लोक अभियोजक बीके ड्क्षसह ने बताया कि मामला वर्ष 2000–01 का है। उस वक्त नोएडा स्थित इलाहाबाद बैंक की शाखा में एसके अग्रवाल बैंक मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। आरोप है कि पद को दुरुपयोग कर उन्होंने नियमों को ताक पर रखकर गलत तरीके से लाखों रुपये का लोन स्वीकृत किया।

किसानों का करोड़ों रूपये दबाए बैठा है मोदी शुगर मिल, भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

गाजियाबाद : मोदीनगर में गन्ने का बकाया भुगतान दिलाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मंच के बैनर तले किसानों ने बुधवार शाम को एसडीएम को ज्ञापन दिया। भुगतान न दिलाए जाने पर किसानों ने दस दिन बाद आंदोलन छेडने की चेतावनी दी है। राष्ट्रीय किसान मंच के शहर अध्यक्ष पप्पन शर्मा के नेतृत्व में किसान बुधवार शाम को तहसील कार्यालय पहुंचे। किसानों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि मोदी शुगर मिल किसानों का भुगतान करने को तैयार नहीं है। जबकि नियम के तहत 14 दिन में मिल को भुगतान करना होता है। किसानों ने एसडीएम

पवन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते हुए दस दिन के अंदर भुगतान दिलाने की मांग की। अन्यथा की स्थिति में किसानों ने उग्र आंदोलन छेडने की चेतावनी दी है। इस मौके पर अशोक शर्मा, जगमोहन शर्मा, विनय शर्मा, बंटी, राजेंद्र त्यागी, श्यामलाल सैनी, रविंद्र कुमार, योगेश शर्मा, सुनील त्यागी, प्रभुशंकर आदि किसान मौजूद रहे।

चिप वाले एटीएम कार्ड से 30 हजार निकाले

xkft;kckn । राजनगर एक्सटेंशन में रहने वाले फार्मा कंपनी के मैनेजर के एटीएम कार्ड का क्लोन कर 30 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीडित सिहानी गेट थाने शिकायत लेकर पहुंचे तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने से इंकार कर दिया। आरोप है कि पुलिस ने बैंक द्वारा कार्रवाई की बात कहते हुए उन्हें लौटा दिया। एसएसपी के आदेश के बाद मंगलवार रात को मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। राजनगर एक्सटेंशन की गौर कास्केड में रहने वाले दिलीप रथ दिल्ली स्थित जुबेंटस हेल्थकेयर लिमिटेड में सीनियर मैनेजर हैं। उनका केनरा बैंक में बचत खाता है। दिलीप के मुताबिक 24 मार्च की रात 11 बजे उनके मोबाइल पर तीन मैसेज आए। तीनों में रुपये एटीएम के जरिए निकाले जाने की सूचना थी।

बदमाशों के हौसले बुलंद, जीडीए के रिटायर्ड चीफ इंजीनियर के बेटे से लूट

गाजियाबादः जीडीए के रिटायर्ड चीफ इंजीनियर के बेटे से साथ स्कूटर सवार तीन बदमाशों ने रोडरेज के बाद लूटपाट की। घटना मंगलवार देर रात की है। पीडित ने सिहानीगेट थाने में तहरीर दी है। राजनगर में रहने वाले रवि प्रकाश नोएडा में नॉलेज प्रोसेस सेंटर चलाते हैं। उनके पिता केके शुक्ला जीडीए में चीफ इंजीनियर रह चुके हैं। रवि मंगलवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे नोएडा से लौट रहे थे। हापुड़ रोड की ओर से मुड़ते ही ऐसा लगा की उनकी कार में किसी ने टक्कर मारी है। मगर पीछे कुछ न दिखने पर वह चल पड़े। थोड़ी ही देर में स्कूटर सवार तीन युवकों ने ओवरटेक कर उनकी कार रुकवाई और टक्कर मारने का आरोप लगा उन्हें कार से बाहर खींच लिया। आरोपितों ने उनकी जेब से एक हजार रुपये लूट लिए और कार की चाबी निकालने का प्रयास किया। इसी बीच वहां एक और व्यक्ति आ गया। रवि ने इस दौरान 100 नंबर पर फोन कर दिया। पुलिस का नाम सुनते ही चारों युवक वहां से भाग निकले। एसओ सिहानीगेट विनोद पांडेय का कहना है कि मामला रोडरेज का है। आरोपितों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

ऑनलाइन शॉपिंग से महंगी घड़ी मंगवाई कामचलाऊ थमाई

गाजियाबाद : ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए होने वाले फ्रॉड के मामले लगातार आ रहे हैं। फोन के डिब्बे में कांच का टुकड़ा निकलने के बाद लग्जरी घड़ी के बदले काम चलाऊ घड़ी थमाने का मामला सामने आया। महीने भर तक कंपनी घड़ी बदलने का आश्वासन देती रही और बाद में इंकार कर दिया। पीडित बुधवार को सिहानी गेट थाने में मामले की शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि पुलिस ने उनकी तहरीर नहीं ली। उन्हें उपभोक्ता फोरम में शिकायत करने का सुझाव दे कर थाने से चलता कर दिया गया। यह घटना पटेल नगर सेकंड में रहने वाले मोहित चौधरी के साथ हुई।

जिला योजना समिति के सदस्यों का चुनाव संपन्न

गाजियाबाद : जिला योजना समिति के आठ सदस्यों का चुनाव बुधवार कराया गया। विकास भवन सभागार में सदस्यों के लिए वोट डाले गए। नगर निगम से पार्षद कृपाल सिंह समिति के सदस्य चुने गए हैं। इसी कडी में खोड़ा से भाजपा समर्थित उम्मीदवार अमित कसाना ने जीत हासिल की है। लोनी से सुमन, डासना से शमां परवीन और मुरादनगर से इंदु त्यागी चुनाव निर्विरोध जीती हैं। मोदीनगर से ललित, फरीदनगर से गुल मोहम्मद अलवी और नगर पंचायत पतला से प्रीति चुनाव जीतकर जिला योजना समिति की सदस्य बनी हैं। मोदीनगर,लोनी और मुरादनगर से चुने गए पार्षद, सभासद वोट डालने के लिए सुबह आठ बजे

से ही विकास भवन पहुंचे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि आठ सदस्यों में से पांच निर्विरोध और तीन का वोटों के आधार पर नतीजा घोषित किया गया। इसमें मोदीनगर से ललित और आलोक को 102–102 मत मिले। बराबर मत मिलने पर लॉटरी निकाली गई, जिसके आधार पर ललित ने चुनाव जीत लिया।

शिफ्ट की जाएंगी 235 स्ट्रीट लाइटें

गाजियाबाद : रैपिड रेल कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू होने में तीन महीने का वक्त है। उससे पहले नगर निगम को मेरठ रोड से स्ट्रीट लाइटें शिफ्ट करानी होंगी। नैशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) ने इस काम के लिए मांगे जाने पर नगर निगम को 5 करोड़ 34 लाख रुपये का भुगतान कर दिया है। रैपिड रेल का कॉरिडोर दिल्ली के आनंद विहार से होते हुए कौशांबी मेट्रो स्टेशन के पास से गाजियाबाद की सीमा में प्रवेश करेगा। फिर वैशाली के रास्ते साहिबाबाद होते हुए लिंक रोड और मेरठ तिराहे से सीधे मेरठ रोड के बीचोंबीच डिवाइडर से कॉरिडोर गुजरेगा। दुहाई तक इस बीच नगर निगम की 235 स्ट्रीट लाइटें आ रही हैं।

रैपिड रेल कॉरिडोर

जिसे डिवाइडर से हटाकर मेरठ रोड के दोनों तरफ शिफ्ट किया जाएगा। जुलाई में रैपिड रेल कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू होना है। उससे पहले नगर निगम स्ट्रीट लाइट शिफ्ट करेगा। रैपिड रेल कॉरिडोर के 281 पिलर ग्रीन बेल्ट पर खड़े किए जाने हैं। उसे लेकर एनसीआरटीसी ने तीन महीने पहले नगर निगम से अनुमति मांगी थी। उस पर अब तक विचार नहीं किया गया है। इस मामले को निगम बोर्ड बैठक में रखने की बात कही जा रही है। इसके अलावा स्टेशनों के लिए जमीन की आवश्यकता है। उस पर भी निगम बोर्ड बैठक में चर्चा के बाद एनसीआरसीटी को जवाब दिया जाएगा। एनसीआरटीसी कई विभागों से अनुमति देने में जुटा हुआ है। यही नहीं उनकी ओर से साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ तक 30.31 किलोमीटर का एलिवेटेड कॉरिडोर, स्टेशन और दुहाई में डिपो बनाने के लिए टेंडर आमंत्रित कर लिए गए हैं। दोनों के लिए अलग–अलग टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। अप्रैल में टेंडर खोला जाएगा। जिसके बाद चयनित फर्म को निर्माण की जिम्मेदारी दी जाएगी। नगर निगम के अधिशासी अभियंता आनंद त्रिपाठी का कहना है कि एनसीआरटीसी ने स्ट्रीट लाइटें शिफ्ट करने के लिए 5.34 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। जल्द लाइट शिफ्टिंग का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

व्यापारियों ने डीएम से मुलाकात कर किया अतिक्रमण हटाने का विरोध

गाजियाबाद : बाजारों में अतिक्रमण हटाने का विरोध कर रहे व्यापारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी रितु माहेश्वरी से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा। इस दौरान सिहानी गेट मार्केट, नवयुग मार्केट सहित पुराने शहर के अन्य बाजारों से व्यापारी और पार्षद राजीव शर्मा मौजूद रहे। सिहानी गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनुराग गर्ग ने डीएम से बैठक के दौरान कहा कि पिछले दिनों नगर निगम ने नाले से अवैध निर्माण को हटाने अल्टीमेटम व्यापारियों को दिया है। उन्होंने बताया कि 40 वर्ष से ज्यादा समय दुकानों को बने हुए हो गया है अगर अतिक्रमण हटाया गया तो बिल्डिंग को नुकसान पहुंचेगा।

आयकर के अपर निदेशक से ठगी का प्रयास

गाजियाबाद : सिहानी गेट क्षेत्र में बुधवार दोपहर कार सवार तीन युवकों ने आयकर के अपर निदेशक की गाड़ी रुकवा ली। तीनों ने खुद को इंश्योरेंस कंपनी से बताते हुए गाड़ी की ईएमआइ ना देने का आरोप लगाया। अधिकारी के चालक ने बाहर आकर युवकों से आइ कार्ड मांगते हुए अधिकारी की रैंक बताई तो आरोपित गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। आशंका जताई जा रही है कि गाड़ी सवार युवक ठकठक गिरोह के बदमाश थे, जोकि उन्हें बरगलाकर ठगी करने के लिए आए थे। दिल्ली के भीकाजी कामा प्लेस में तैनात आयकर के अपर निदेशक देवाशीष रॉय चौध् ारी को बुधवार को गाजियाबाद के सीजीओ कांप्लेक्स स्थित आयकर के कार्यालय में आए थे।

क्रासिंग रिपब्लिक गोल चक्कर पर 23 अवैध दुकानें और खोखे तोड़े

xkft;kckn % क्रॉसिंग रिपब्लिक गोल चक्कर पर बुधवार को जीडीए ने अवैध निर्माण ढहाया। पांच साल पहले बनी 23 दुकानें और खोखे तोड़े गए। अवैध निर्माण के कारण गोल चक्कर पर जाम की समस्या खड़ी होने और बार–बार शिकायतों के कारण यह कार्रवाई की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत न की गई होती तो सालों साल

दुकानें यहां चलती रहतीं। जीडीए कदम नहीं उठाता। क्रॉसिंग रिपब्लिक में बहुमंजिला इमारतें बनी हुई हैं। शहर के विकसित क्षेत्रों में से एक है। यहां गोल चक्कर पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से दुकानें बना ली थी। कुद खोखे रख लिए। गोल चक्कर के आसपास जगह कम होने के कारण यहां जाम लगने लगा। तब तक जीडीए, पुलिस और प्रशासन की नजर इस पर नहीं पड़ी। लोगों ने कई बार शिकायतें की, सुनवाई नहीं हुई। कई बार लिखित शिकायतों के बाद बुधवार को गोल चक्कर पर बनी दुकानें और खोखे तोड़े गए। जीडीए प्रवर्तन जोन–पांच के प्रभारी अजीत कुमार का कहना है कि क्रॉसिंग रिपब्लिक गोल चक्कर पर 23 दुकानें और खोखे तोड़े गए। यह करीब पांच साल से अवैध रूप से बने हुए थे। गोल चक्कर के पास इनके कारण जाम लगने की शिकायत हुई थी।

bniLFk ugh eljh e cuxk ih,e vkokl ;ktuk dk nk gtkj ¶yV

xkft;kckn % इंद्रप्रस्थ की जगह जीडीए मसूरी के निडौरी गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए 50 हजार वर्ग मीटर भूमि चिह्नित की गई है। यहां दो हजार फ्लैट बनाए जा सकते हैं। यहां भू–उपयोग बदलने की जरूरत पड़ेगी। उसके लिए कवायद शुरू हो गई है। फिर डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। जीडीए ने इंद्रप्रस्थ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1440 फ्लैट बनाने की योजना बनाई थी। इसकी डीपीआर को राज्य और केंद्र सरकार से मंजूरी मिल गई थी। 160 करोड़ रुपये की लागत से दो कमरे के फ्लैट बनाने थे। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले जीडीए की योजना पर विराम लग गया। इस प्रोजेक्ट के लिए चयनित भूमि गैस प्लांट के 500 मीटर दायरे में पाई गई। जिस कारण नियम अनुसार यहां निर्माण संभव नहीं था। इसे देखते हुए जीडीए को यहां फ्लैट बनाने की योजना को टालना पड़ा।

बनारस बम कांड : जिला जज की अदालत में हुई सुनवाई

गाजियाबाद : बनारस बम कांड में बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरजेश कुमर पांडेय की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान बम कांड का आरोपित वलीउल्लाह कड़ी सुरक्षा में डासना जेल से अदालत में पेश हुआ। बचाव पक्ष के अधिवक्ता महेश चंद ने बताया कि पिछली सुनवाई पर आंध्र प्रदेश के सैदराबाद स्थित मेट्रो पॉलिटियन मजिस्ट्रेट की अदालत में असदउल्लाह द्वारा दिए इकबालिया बयान की सत्यापित कॉपी मंगवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। बुधवार को उसी प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र निस्तारण व अगली सुनवाई के लिए जिला जज की अदालत ने नौ अप्रैल की तारीख नियत की है। मालूम हो, कि सात मार्च 2006 को वाराणसी में संकटमोचन मंदिर और रेलवे कैंट पर बम धमाके हुए थे और दशाश्वमेध घाट पर कुकर बम मिला था। बम धमाके में कई लोग मारे गए थे और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। अभियोजन की तरफ से जीआरपी कैंट ध् ामाके में 53, संकट मोचन ध् ामाके में 52 और दशाश्वमेध घाट मामले में 42 गवाह पेश किए जा चुके हैं। तीनों मुकदमे एक साथ गाजियाबाद के जिला जज की अदालत में चल रहे हैं।

सौतेली मां ने बेचा, बाप ने बीड़ी से जलाया, रिपोर्ट दर्ज

xkft;kckn : सौतेली मां द्वारा बेचने, दुष्कर्म और माता–पिता द्वारा मारने–पीटने के मामले में दस साल की बच्ची ने मंगलवार देर रात लोनी थाने में मां–बाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। सीडब्ल्यूसी की ओर से पूर्व में लिखे गए पत्र के आधार पर जब मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो बच्ची ने खुद रिपोर्ट दर्ज कराने को फैसला किया। संरक्षण अधिकारी व काउंसलर के साथ बच्ची मंगलवार रात लोनी थाने पहुंची और दो पेज पर लिखी तहरीर एसएचओ को थमा दी। तहरीर में लिखे आरोपों को पढ़कर एसएचओ भी हैरान हो गए। मां और पिता को नामजद कर अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। 18 दिसंबर 2017 को

पुलिस ने गंभीर धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

आरोपित दंपति के खिलाफ बच्चों की तस्करी करने, देह व्यापार कराने, बंधुआ मजदूरी कराने, दुष्कर्म करने और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम–2012 की धारा पांच, छह व 17 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

जयपुर बाल कल्याण समिति के माध्यम से लोनी की रहने वाले एक 10 साल की बच्ची को गाजियाबाद लाया गया। तीन माह बाद बच्ची के परिजन समिति कार्यालय में पहुंचे। बच्ची पिता और मां को देखकर रोने लगी। इसके बाद उसकी काउंसङ्क्षलग हुई तो चौंकाने वाला सच सामने आया। बच्ची ने बताया कि उसकी मां की मौत के बाद बुजुर्ग पिता ने दूसरी शादी कर ली। इसके बाद से ही उस पर अत्याचार शुरू हो गए। उसकी मां नाक में नली डालकर उसे कैंसर का मरीज बता भीख मंगवाती थी। घर के सारे काम भी कराए जाते थे। काम में खामी होने पर उसे पीटा जाता था। आरोप है कि पिता गर्म चिमटे और बीड़ी से उसे जलाते थे। बच्ची के मुताबिक मां ने उसे पांच बार अलग–अलग राज्यों के लोगों को बेच दिया, लेकिन वह हर बार वहां से छूट जाती। मगर अंत में उसे परिजनों को ही सौंप दिया जाता। बच्ची ने बताया कि उसके साथ कई बार दुष्कर्म भी किया गया।

EDITORIAL

Do away with consent to strengthen data privacy

Much of the outrage around the recent Cambridge Analytica incident has centred around the fact that academic Aleksandr Kogan could, with a simple Facebook survey app, leverage 270,000 survey respondents to gain access to the data of 50 million users directly from the Facebook platform. While most of those respondents were dimly aware that they must have consented to sharing personal information, many of them were surprised (outraged even) that, in addition to information about them, the app was able to harvest information about their friends as well. Nothing about this incident really surprises me. If anything, I am surprised that everyone around me is so surprised. The Facebook terms of service makes it clear that when we use a Facebook app, we provide the app developers access to a wide variety of information about us for them to use to personalize our user experience. This explicitly includes access to our list of friends. Anyone who has used an app on Facebook has done so based on these terms, and app developers who collect information about our friends are doing so legitimately, based on the consent that we provided. Everyone is upset that Facebook is hiding behind its terms of service. But to me what is more significant is how few of us actually bother to read the terms of service or to fully understand the repercussions of what we are signing up to.

Today, consent is a formality—a step we blindly take when we sign up to new services. We agree to terms and conditions as acts of faith, trusting that the service providers we've signed up with will not let us down. Even if we want to be mindful about what we are committing to, we feel a sense of futility in even attempting to understand these terms as we have no scope to negotiate any provisions we might find unacceptable. Social media networks have become our principal point of interaction with friends and family. As a result, our need to participate on these platforms often overrides our instinct to refrain from agreeing to clauses we disagree with. To be clear, rarely have I found the terms of service of social media platforms to be deceptive. Most alleged violations tend to take place within the realm of what is legally permissible. They usually involve a breach of the spirit rather than letter of the law. In this most recent incident, Kogan's app was entitled to access information about the friends of its users. Kogan then passed that information on to Cambridge Analytica, which was against Facebook's terms. There was nothing illegal about the initial collection, however; what was wrong was that the data wasn't used as it was intended to be. This is why consent cannot be the primary safeguard that protects our personal privacy. When it is made available to them, service providers will hide behind it, using our acceptance of their terms as absolution of their responsibility to protect us from harms we might suffer as a consequence of using their service. If, instead, service providers can be held accountable for their actions despite the consent we have provided them, we might have a useful framework to safeguard our privacy. Last year, I spelled out the contours of such a framework, calling for an accountability regime that completely does away with consent, in Beyond Consent: A New Paradigm For Data Protection. At the time, many argued against such a drastic measure on the ground that consent allowed us to exercise autonomy over what can be done with our data. In the light of recent incidents, I wonder how many still think consent is still useful.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

Noida techie booked for firm's data theft

PUNE: The Yerawada police on Monday booked a Noida-based techie for allegedly stealing and misusing valuable data of a Kalyaninagar-based software company. Sahil Survase (33), an officer with the company, lodged a complaint with the police stating that the techie was employed with the company between April and November, 2017, during which time the theft is suspected to have taken place. The complaint said that the techie allegedly stole data of the company's individual Indian and international customers. The data was allegedly stolen from the company's server with the help of data cards and pen drives. Later, the suspect shifted to Noida and started sending emails to the company's customers and defamed the company. He offered parallel services using the stolen data and diverted the company's customers to his own. He prepared a fake email ID to send misleading information of the products offered by the company, the FIR stated. This created confusion among the customers of the company and resulted in defamation of the company, which ultimately led to loss of customers as well as revenue, the complaint stated.

Two dead, three injured in accident in GZB

GZB: Two persons died while three were grievously injured after a truck carrying glass panes overturned following a tyre burst in Kavi Nagar area on Friday night. The incident took place while the truck was getting down a flyover in Lal Kuan area. All the five labourers who were sitting inside got injured by broken glass. According to information, the truck was going towards Rajnagar Extension from Noida Sector 63. Locals gather at the spot and informed the police about the incident. With their help, the injured were rushed to a nearby private hospital – Columbia Asia – where two died during the treatment. The deceased have been identified as Pawan (23) and Kamal (24). Both are residents of Gonda district.

B. Tech drop out Naxal area commander arrested in Noida

NOIDA: A 25-year-old Naxal area commander, carrying a cash prize of Rs 50,000 on his head, was arrested from Harolla village late Monday night in Noida. The accused have been identified as Sudhir Kumar Bhagat, a native of Dewaria Kothi in Muzaffarpur, Bihar. He was wanted in a series of criminal activities, including a train blast in Bihar. The state police had announced Rs 50,000 bounty on his arrest. Noida SSP Ajay Pal Sharma said that the accused had been involved in criminal activities for last ten years. "He had fled home after killing a person over personal rivalry. His brother and father were arrested and convicted in that case," he said. Bhagat later came to Noida and lived at his sister's rented accommodation in Harolla village. He also made a fake Aadhar card and got admission in a private engineering college in Ghaziabad in 2012. However, he frequently visited Bihar and took part in Naxal activities. In 2013, Bhagat quit his studies and fully involved himself in crimes," said police. Police have recovered a .3 bore pistol, five live cartridges, a fake Aadhar card and a college ID card from his possession.

Don't be rude: Mahesh Sharma lays down work ethics for Noida Authority

NOIDA: Union minister Mahesh Sharma advised Noida Authority officials on Saturday to mind their behaviour while talking to people who come with grievances and act swiftly on complaints, saying there had been "some lapses" on their part. "Your behaviour should be such that people can come forward with their problems. There should not be a tendency to speak rudely with someone," Sharma, also the Gautam Budh Nagar MP, said. He was speaking at a meeting with the Authority's CEO, project engineers and other senior officials. The meeting — the first such session in Sharma's tenure as MP — had been organised to review projects undertaken by the Authority. The minister also laid down the "ABC" — availability, behaviour and confidence — of works ethics, pointing out that a number of residents had approached him and even the Prime Minister's Office (PMO) after their complaints had not been addressed by the Noida Authority. Speaking on the issue of sanitation, Sharma directed the officials not to sweep things under the carpet.

Probe ordered into rescue bid of 5-year-old abducted boy

GHAZIABAD: A magisterial probe was ordered by the district administration on Tuesday into the rescue operation of the kidnapped 5-year-old kid by Delhi police in Sahibabad. The operation, in which one of the kidnappers had allegedly been shot dead in retaliatory firing, had taken place on the night of 5 February. The raid had been conducted by Delhi police in Shalimar City housing society in Sahibabad more than 12 days after the kid had been kidnapped from GTB Enclave in Delhi. The kid was rescued from a fifth-floor apartment in the housing society where he had been held hostage by the abductors. The probe in Ghaziabad will be conducted by city magistrate Santosh Bahadur Singh."The enquiry will seek to unravel the entire sequence of events that unfolded in the housing society in Sahibabad on the night of 5 February leading to the recovery of the kid. All documents pertaining to the rescue bid have been sought from the investigating officer of the case.

Gzb : Hit by truck, government bus overturns

GZB: An Uttar Pradesh roadways overturned after being hit by a speeding truck on Tuesday around 3.30am. The driver of the bus received minor injuries in the accident, however five passengers sitting inside escaped unhurt. The police said that the truck driver is absconding. The accident took place at Hapur Chungi crossing when the bus was heading towards Moradabad from Delhi. The bus driver has been identified as Vijaypal Singh. No complaint has been received so far.

Illegal liquor in SUV with BJP flag, 8 booked

GHAZIABAD: A huge cache of illegal alcohol, urea and adulterated liquor was seized from an SUV bearing the flag and sticker of BJP in Khoda. Subsequently, an FIR was registered against the eight occupants of the vehicles who fled from the spot after seeing the police team. According to the police, "Around 5.30am the accused were seen travelling in the SUV. Seeing the police they fled from the spot. One of their accomplices was on a bike. He also fled leaving the two wheeler behind. On

verification, the registration of the vehicle was found to be fake. The vehicle has the sticker of district vice president of BJYM, while the flag of the BJP party was also installed on the bonnet," said SP (City) Akash Tomar.

Two die as truck overturns after tyre burst in Ghaziabad

GZB: Two persons died while three others were grievously injured after the truck in which they were travelling overturned following a tyre burst in Kavi Nagar on Friday evening. The accident took place as the truck was moving down the flyover in Lal Kuan area. The truck contained glass panes and the shards pierced the five when the vehicle overturned. Sources said the truck was going towards Rajnagar Extension from Noida Sector 63. The injured were rushed to a nearby private hospital Columbia Asia where the two persons died during treatment.

Mother of kid who drowned in drain seeks FIR against Ghaziabad mayor

GHAZIABAD: The mother of a four-year-old boy, who had drowned in an open drain in Gulzar Colony two weeks ago, has moved the chief judicial magistrate's court seeking an order to police to register an FIR against the mayor, municipal commissioner and the health officer for not building a wall along the sewer channel that could have averted the accident. Rubina, the petitioner, sought an FIR under IPC Section 304 (culpable homicide not amounting to murder) against mayor Asha Sharma, municipal corporation

